(Printed Pages 4)

# UF-10023

## B.A. (Part-I)

## Term End Examination, 2023-24

## HINDI LITERATURE

### Paper - I

*Time : Three Hours]* *[Maximum Marks : 75*

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

1. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 7×3=21

(क) मेरो मन सुमिरै राम कूँ, मेरा मन रामहिं आहि।
अब मन रामहि है रह्या, सीस नवावौ काहि।।
तूँ तूँ करता तूँ भया, मुझ में रही न हूँ।
वारि फेरि बलि गई, जित देखो तित तूँ।।





**अथवा**

रोई गँवाये बारह मासा। सहस सहस दुख एक एक साँसा।।
तिल तिल बरिस बरिस बरूजाई। पहर पहर जुग जुग न सिराई।।
सो नहिं आवै रूप मुरारि। जासौ पाव सोहाग सुनारी।।
साँझ भये झुरि झुरि पथ हेरा। कौन सोधरी करै पिऊ फेरा।।

(ख) हम सों कहत कौन सी बातें?
सुनि उधौ! हम समुझत नाहिं, फिरी पूछति है ताते।
को नृप भयो कंस किन मारयो को वसुधौ सुत आहि?
यहाँ हमारे परम मनोहर जीजतु है मुख चाहि।।

**अथवा**

रामनाम अंकित गृह सोभा वरनि न जाई।
नव तुलसी के वृंद बहु देखि हरष कपिराई।।
तव हनुमंत कही सब राम कथा निजनाम।
सुनत सुनत तन पुलक मन मगन सुमिरि गुनग्राम।।

(ग) आसा-गुन बाँधि कै भरोसौ-सिल धारि छाती,
पूरे पन-सिन्धु मैं न बुड़त सकाय हौं
दुख-दव हियत जारि अन्तर उद्वेग-आँच,
रोम-रोम त्रासनि निरन्तर तचाय हौ।

**अथवा**

लाजनि लपेटि चितवनि भेद भाय भरी।
लसति ललित लोल-चख तिरछानि मैं।
छवि को सदन गोरोबदन, रूचिर भाल,
रस निचुरत मीठी मृदु मुस्क्यानि मैं।

2. कबीरदास की काव्य साधना पर प्रकाश डालिए। 8

*अथवा*

विरह वेदना की विराट अभिव्यंजना की दृष्टि से पदमावत् का विश्लेषण कीजिए।

3. सूरकाव्य में निहीत प्रेम, विरह, भक्ति एवं ज्ञान को रेखांकन कीजिए। 8

*अथवा*

सुंदरकांड की काव्यानुभूति की समीक्षा कीजिए।

4. स्वछंद प्रेम के सिद्धहस्त कवि के रूप में घनानंद का मूल्यांकन कीजिए। 8

*अथवा*

स्वर्णिम उपलब्धियों की कसौटी पर भक्तिकाल की समीक्षा प्रस्तुत कीजिए।

5. निम्नलिखित विषयो में से किन्हीं 03 पर टिप्पणी लिखिए। 5×3=15

(i) तुलसी का लोकनायकत्व

(ii) रीतिबद्ध काव्य धारा

(iii) विद्यापति की कृष्ण भक्ति

(iv) रसखान के सवैये

(v) रहीम के काव्य में नीतितत्व

(vi) कवि गोपाल मिश्र





6. समस्त प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए। 1×15

(i) कबीर के गुरू का नाम लिखिए।

(ii) तुलसीदास के गुरू का नाम लिखिए।

(iii) कबीर की पत्नी का नाम लिखिए।

(iv) वाणी का डिक्टेटर किसे कहा जाता है?

(v) जायसी किस शाखा के कवि हैं?

(vi) 'मैथिल कोकिल किसे कहा जाता है?

(vii) पद्मावत में वर्णित शुक का नाम लिखिए।

(viii) रसखान के पसंदीदा छंद का नाम लिखिए।

(ix) मानस में कितने कांड हैं?

(x) कीर्तिपताका के रचनाकार का नाम लिखिए।

(xi) गोरा-बादल किस काव्यग्रन्थ से संबंधित हैं?

(xii) सिंहल द्वीप की राजकुमारी का क्या नाम था?

(xiii) प्रेमवाटिका के कृतिकार का नाम लिखिए।

(xiv) 'खानखाना' किस कवि को कहा जाता है?

(xv) छत्तीसगढ़ में कबीर मठ कहाँ है?